
दिवाली से पहले शेयर बाजार में जश्न जारी

सेंसेक्स की 2,009 अंक की छलांग



मुंबई। शेयर बाजार ने बृहस्पतिवार को दिवाली से पहले जश्न मनाया। बाजार में बृहस्पतिवार लगातार छठे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 2,009 अंक की छलांग लगा गया जबकि एनएसई निफ्टी 24,500 अंक के पार पहुंच गया। पश्चिम एशिया संघर्ष के समाधान की उम्मीद, कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट और अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के नतीजों के बाद यह तेजी आई। अमेरिका में मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को अमेरिकी संसद पर नियंत्रण मिल गया है। इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की लगातार लिवाली और अमेरिकी बाजारों में जोरदार तेजी से भी निवेशकों का उत्साह बढ़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,008.61 अंक यानी 2.60 प्रतिशत उछलकर 79,310.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 2,168.63 अंक की बढ़त के साथ 79,470.03 अंक पर पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी भी 576 अंक यानी 2.40 प्रतिशत चढ़कर 24,536.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में बजाज फाइनेंस के शेयर में सबसे अधिक 7.77 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा इंटरग्लोब एविएशन में 5.80 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 5.29 प्रतिशत, मारुति 5.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा 5.15 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 4.66 प्रतिशत की बढ़त रही। दूसरी ओर एनटीपीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदाणी पोर्ट्स और आईटीसी के शेयर में गिरावट रही। पिछले लगातार छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 6,063.98 अंक यानी 8.27 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 1,837.75 अंक यानी आठ प्रतिशत की तेजी आई है। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 1.59 प्रतिशत बढ़कर 96.12 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 7,284.03 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मध्यावधि चुनाव में बड़ा झटका लगा है। देश के मतदाताओं ने मंगलवार को हुए बहुचर्चित मध्यावधि चुनावों में विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी को संसद के उच्च सदन सीनेट का नियंत्रण सौंप दिया और डेमोक्रेट ने कई अहम राज्यों में गवर्नर पदों पर भी जीत दर्ज की। इन नतीजों का असर न केवल अमेरिका, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी देखने को मिल सकता है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की भारी गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन में शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त में रहे। यूरोप के बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

वी बाज़ार ने फेस्टिव फैशन स्वैग ऑफर की घोषणा की

नई दिल्ली। वी–बाज़ार ने इस फेस्टिव सीजन ग्राहकों की खरीदारी को और फायदेमंद बनाने के लिए फेस्टिव फैशन स्वैग ऑफर की घोषणा की है। यह ऑफर 22 नवंबर तक चलेगा और 7 राज्यों के 100 शहरों में मौजूद 130 स्टोर्स पर उपलब्ध रहेगा। हेमंत अग्रवाल, फाउंडर और सीएमडी, वी–बाज़ार ने कहा त्योहारों के दौरान हम चाहते हैं कि ग्राहकों को उनकी खरीदारी पर ज्यादा फायदा मिले। फेस्टिव फैशन स्वैग ऑफर के जरिए ग्राहकों को उनकी खरीदारी पर अतिरिक्त लाभ दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि परिवारों के लिए फेस्टिव शॉपिंग आसान और किफायती हो। वी–बाज़ार में पूरे परिवार के लिए मेन्सवियर, वुमेन्सवियर, किड्सवियर, फुटवियर, होम और किचन की जरूरत का सामान, ट्रैवल एक्सेसरीज और किराना प्रोडक्ट्स की रेंज उपलब्ध है। पुरुषों के लिए कुर्ता–पायजामा, शर्ट, टी–शर्ट, जींस, ट्राउजर, ट्रैकसूट की रेंज है। महिलाओं के लिए लहंगे, कुर्तियां, साड़ियां, सलवार–सूट, पलाज़ो, टॉप्स, जीन्स और लेगिंग्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। बच्चों के लिए भी आरामदायक और स्टाइलिश कपड़ों की आकर्षक रेंज पेश की गई है।

अगले वर्ष ग्रेटर नोएडा में लगेगी इलेक्ट्रिक प्रदर्शनी इलेक्रामा

लखनऊ। इंडियन इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (आईईईएमए) ने अगले वर्ष फरवरी में आयोजित होने जा रहे इलेक्ट्रिक प्रदर्शनी इलेक्रामा को लेकर यहां प्रीव्यू आयोजित किया गया। इस दौरान आईईईएमए के प्रेसिडेंट (इलेक्ट) और इलेक्रामा 2027 के चेयरमैन हरटेक सिंह ने बताया कि 20 से 24 फरवरी, 2027 तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया जाएगा। हार्नेसिंग द पावर ऑफ आई (आई की ताकत का दोहन) थीम पर आधारित यह संस्करण नए मानक स्थापित करने के लिए तैयार है। इसमें 1,100 से अधिक एग्जिबिटर्स शामिल होंगे, 500,000 लोगों के आने की उम्मीद है, 25,000 से अधिक बी2बीबैठकें होंगी, 500 से ज्यादा %होस्टेड बायर्स% (आमंत्रित खरीदार) हिस्सा लेंगे और 10 से अधिक देशों के पवेलियन प्रदर्शित किए जाएंगे। वहीं चेयरमैन त्तरी क्षेत्र इम्तियाज सिद्दीकी ने कहा भारत के इलेक्ट्रिकल और पावर सेक्टर में उत्तरी क्षेत्र एक अहम भूमिका निभाता है, जिसे मैन्युफैक्चरिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्रों में बढ़ते अवसरों से बढ़ावा मिल रहा है। लखनऊ में आयोजित यह प्रीव्यू कार्यक्रम क्षेत्रीय हितधारकों के साथ जुड़ने और उद्योग की क्षमताओं को सामने लाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। जर्मनी के पार्टनर देश के रूप में शामिल होने से, इलेक्रामा 2027 को एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय आयाम मिलता है, जो भारतीय उद्योग की विशेषज्ञता को वैश्विक बाजारों और उभरते अवसरों से जोड़ता है।

धनतेरस पर सोने–चांदी की बिक्री मूल्य के लिहाज से 20–30 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद

नयी दिल्ली। आभूषण कारोबारियों को उम्मीद है कि जनवरी के उच्चतम स्तर से कीमतों में भारी गिरावट के बावजूद शुक्रवार को धनतेरस पर सोने और चांदी की बिक्री मूल्य के लिहाज से 20–30 प्रतिशत बढ़ेगी। हालांकि, मात्रा के लिहाज से सोने की बिक्री पिछले साल के स्तर पर ही रहने की संभावना है। उपभोक्ता हल्के आभूषणों और कम कीमत वाली खरीदारी को प्राथमिकता दे रहे हैं। हिंदू पंचांग में धनतेरस को कीमती धातुएं खरीदने के लिए सबसे शुभ दिन माना जाता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद (जीजेसी) के अध्यक्ष राजेश रोकड़े ने पीटीआई–भाषा से कहा, मूल्य के लिहाज से बिक्री में 20–30 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। हालांकि, मात्रा के लिहाज से बिक्री पिछले साल के समान रहने की उम्मीद है।

नया फेस्टिव कैम्पेन

मुम्बई। फास्टट्रैक स्मार्ट और टाइटन स्मार्ट ने अपने नए फेस्टिव कैंपेन में इसी ऊर्जा पर रोशनी डाली है। ये कैंपेन स्मार्टवॉच टेक्नोलॉजी को ग्राहकों के रोज़मर्रा के पलों, उनकी रूचि और दिनचर्या से जोड़ते हैं। त्योहारों का सीज़न अपने साथ एक अलग ही उत्साह लेकर आता है, इन दिनों में हम एक दूसरे के साथ मिलकर जश्न मनाते हैं, तो कभी अचानक ही कुछ प्लान बना लेते हैं, जीवन में कुछ नई शुरूआत करते हैं या अपने नए लक्ष्य तय करते हैं।

बाटा के वित्तीय परिणाम घोषित

मुम्बई। फुटवियर ब्रांड बाटा इंडिया ने 30 सितंबर को खत्म हुई तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए। कंपनी का रेवेन्यू 861.8 करोड़ रुपये रहा। 1 अक्टूबर 2026 से कार्यभार संभालने वाले बाटा इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ संजय एस. राव ने नतीजों पर कहा तिमाही आधार पर ग्रोथ की रफ्तार लगातार चौथी तिमाही में बनी रही। दूसरी तिमाही में टॉपलाइन 7.5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ी। रिटेल में एलएफएल और एएसपी की ग्रोथ मजबूत रही, और फ्रेंचाइजी व आईएंडडी चैनल दहाई अंकों में बढ़े।

जमनालाल बजाज की जयंती पर फिल्म जारी

मुंबई। बजाज समूह के संस्थापक एवं परिवार के आदर्श पुरुष जमनालाल बजाज की 137वीं जयंती के अवसर पर बजाज परिवार ने एक विशेष श्रद्धांजलि फिल्म जारी की है। श्री शिशिर बजाज के नेतृत्व में परिवार की तीसरी, चौथी और पांचवीं पीढ़ी द्वारा प्रस्तुत यह फिल्म श्री जमनालाल बजाज के असाधारण जीवन, उनके आदर्शों तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम, औद्योगिक विकास और सामाजिक परिवर्तन में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करती है।

कैपिटल गेन्स अकाउंट्स स्कीम की अनुमति

मुंबई। एचडीएफसी बैंक को सरकार से 'कैपिटल गेन्स अकाउंट्स स्कीम (सीजीऐएस) 1988' के तहत डिपॉजिट स्वीकार करने की अनुमति मिल गई है। सीजीऐएस करदाताओं को अपने इस्तेमाल न किए गए कैपिटल गेन्स को बैंक खाते में अधिकतम तीन साल तक रख सकने की सुविधा देती है। सीजीऐएस के ज़रिए, वे करदाता जो इनकम टैक्स फाइल करने की समय–सीमा से पहले अपना री–इन्वेस्टमेंट (पुन: निवेश) पूरा नहीं कर पाते हैं, वे बैंक की शहरी और अर्ध–शहरी शाखाओं, ग्रामीण शाखाओं को छोड़कर, में बचत खाता (ऐ) और फिक्स्ड डिपॉजिट (बी) खोल सकते हैं।

इंस्टामार्ट ने कल्याण ज्वैलर्स के साथ साझेदारी की

मुम्बई। धनतेरस से पहले, भारत के अग्रणी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपने विक्रेताओं के माध्यम से कल्याण ज्वेलर्स के साथ साझेदारी की है, जिसके तहत ग्राहकों के लिए ज्वेलर के सोने के सिक्कों का कलेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। इस कलेक्शन में 0.1 ग्राम के सोने के सिक्के भी शामिल हैं, जिससे ग्राहकों के लिए सोना खरीदना अधिक सुलभ होगा और वे इस त्योहारी अवसर को एक सार्थक खरीदारी के साथ मना सकेंगे। इंस्टामार्ट पर कल्याण ज्वेलर्स के सोने के सिक्के खरीदने वाले ग्राहकों को अपनी खरीदारी पर कुछ अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। 1 से 6 नवंबर तक, प्रतिदिन पूरे भारत में इंस्टामार्ट पर कल्याण ज्वेलर्स का सोने का सिक्का खरीदने वाले पहले 1,000 ग्राहकों को 1 ग्राम का चांदी का सिक्का मुफ्त दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कल्याण ज्वेलर्स के सोने के प्रत्येक सिक्के की खरीद पर ग्राहकों को 5 ग्राम के चांदी के सिक्के के मूल्य के बराबर एक डिजिटल डिस्काउंट वाउचर मुफ्त मिलेगा। नियम एवं शर्तें लागू। यह ऑफर 31 दिसंबर 2026 तक वैध है और इसे पूरे भारत में कल्याण ज्वेलर्स के स्टोर्स पर रिडीम किया जा सकता है।

निसान ने सीएनजी मोबिलिटी को बनाया और भी ज्यादा सुगम

गुरुग्राम। इस त्योहारी सीजन में निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने अपने ग्राहकों को खुशी का एक और मौका दिया है। कंपनी ने मैग्नाइट और ग्रेवाइट के चुनिंदा वैरिएंट्स पर किसी अतिरिक्त शुल्क के बिना ही सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट लगवाने का विकल्प दिया है।

स्वामी ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक ओमप्रकाश शुक्ला द्वारा आज यंत्रालय १, जापलिंग रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक
शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय सम्पादक
हरिन्दर सिंह साहनी
वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग, **गोरखपुर :** बैंक रोड, **इलाहाबाद :** 3, लीडर रोड, **कानपुर :** बासमंडी, **झांसी :** गांधी भवन के सामने, **आगरा :** महात्मा गांधी मार्ग, **बरेली :** परसा खेड़ा रोड नं. 3, **पटना :** फ्रेजर रोड, **रांची :** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** कालीमाटी रोड
वर्ष–38 संख्या–132557
आर.एन.आई. नं. 47967/89
फोन–0522–2209312, 2209313
aaajlucknow@yahoo.com
aajlucknow@gmail.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिये स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

श्री सीमेंट ने नए रेडी–मिक्स कंक्रीट प्लांट का उद्घाटन किया

पटना। श्री सीमेंट लिमिटेड ने आज बिहार के पटना में अपने 'बांगुर कंक्रीट' ब्रांड के तहत एक नए रेडी–मिक्स कंक्रीट प्लांट का उद्घाटन किया। 60 क्यूबिक मीटर प्रति घंटे की उत्पादन क्षमता वाला यह नया प्लांट, कंपनी के रेडी–मिक्स कंक्रीट कारोबार के विस्तार की दिशा में एक और कदम है और इससे पूर्वी भारत में कंपनी की उपस्थिति और मजबूत होगी। इस प्लांट का उद्घाटन श्री सीमेंट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री नीरज अखौरी ने किया। इस अवसर पर कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य अतिथि भी मौजूद थे।

सैनडिस्क ने डुअल ड्राइव गो यूएसबी टाइप–सी पेश की

नई दिल्ली। सैनडिस्क ने अपनी नई अल्ट्रा0 डुअल ड्राइव गो यूएसबी टाइप–सी पेश की है। यह 2–इन–1 फ्लैश ड्राइव यूएसबी–सी और यूएसबी–ए डिवाइस के बीच फाइल ट्रांसफर को आसान और तेज बनाती है। इसमें 2टीबी तक स्टोरेज क्षमता और 400एमबी तक की रीड स्पीड मिलती है। यूएसबी 3.2 जेन 1 तकनीक से लैस इस ड्राइव के जरिए यूजर्स स्मार्टफोन, टैबलेट, लैपटॉप और कंप्यूटर के बीच फोटो, वीडियो और अन्य फाइलें आसानी से ट्रांसफर कर सकते हैं। इसका स्विवेल डिजाइन दोनों कनेक्टर्स को सुरक्षित रखता है। साथ ही, सैनडिस्क मेमोरी ज़ोन ऐप के जरिए कम्पैटिबल डिवाइस पर फाइलों का ऑटोमैटिक बैकअप भी लिया जा सकता है।

'पेंटेड फीलिंग्स' की रिलीज का जश्न

मुंबई। मशहूर सिंगर–सॉन्गराइटर तलविंदर ने अपनी चार ट्रैक वाली ईपी 'पेंटेड फीलिंग्स' की रिलीज का जश्न खास म्यूजिकल और आर्ट एक्सपीरियंस के साथ मनाया। ईपी में 'अस्से पस्से' और किडजेवेस्ट के साथ 'मंगदा वापिस क्यों' के अलावा दो नए गाने 'गीत' और 'जिंद मेरी' शामिल हैं। इस खास आयोजन में 50 से अधिक कलाकारों ने हिस्सा लेकर कैनवस पर म्यूरल्स के जरिए ईपी के भावनात्मक पहलुओं को प्रस्तुत किया।

इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस का त्योहारी कैम्पेन पेश

मुम्बई। इंडसइंड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपना विशेष त्योहारी कैंपेन 'भरोसे की रोशनी' लॉन्च किया है। यह कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड ग्रुप का हिस्सा है। कंपनी ने यह कैंपेन विश्वास की स्थायी ताकत और मुश्किल समय में किसी के साथ होने से मिलने वाले भरोसे को समर्पित किया है। दिवाली के भावनात्मक पहलुओं और मूल्यों से प्रेरित यह कैंपेन बताता है कि विश्वास ही मजबूत रिश्तों की नींव है और यही हमें जीवन के सफर पर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास देता है।

पीएनबी की राजभाषा समीक्षा बैठक आयोजित



लखनऊ। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय लखनऊ में पंकज आनंद, अंचल प्रबन्धक की अध्यक्षता में राजभाषा समीक्षा बैठक आयोजित की गयी जिसमें अंचलाधीन मण्डल कार्यालयों (लखनऊ व सीतापुर भौतिक रूप से और अयोध्या व कानपुर ऑन लाइन जुड़े) के राजभाषा अधिकारियों की उनके मण्डल की वित्तीय वर्ष 2026–27 की अर्धवार्षिक राजभाषा नीति/नियम के अनुपालना, राजभाषा कार्यान्वयन एवं अन्य राजभाषा गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गयी और उसके उपरांत पंकज आनंद के मुख्य आतिथ्य में अंचल कार्यालय के सामने खुले प्रांगण में मुख्य राजभाषा समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या आयोजित किया गया । समारोह में श्री सैय्यद अतहर हुसेन काजमी व श्री विराज डोगरा (उप अंचल प्रबन्धक), सुजीत कुमार नेगी, मण्डल प्रमुख लखनऊ एवं अन्य उच्चाधिकारी के साथ साथ अधिकारीगण व उनके परिवार भी उपस्थित थे।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी

संख्या–606/आबकारी/अपील/चेता0/2026–27/बाराबंकी दि० 31.10.2026

अपील/चेतावनी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी–9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज–9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट–9454466233 आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़–9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर–9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर–8299856945, आबकारी निरीक्षक, रामनगर–7303337393 पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर–14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019 पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी,
बाराबंकी।

(ईशान प्रताप सिंह)
जिलाधिकारी,
बाराबंकी।

कार्यालय सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट भूगर्भ जल विभाग–खण्ड–देवीपाटन (गोण्डा)

32 सतईपुरवा, निकट रेलवे स्टेशन, पोस्ट बडगॉव, गोण्डा।
वेब साईट : upgwd.gov.in, ई–मेल : gwdgonda@gmail.com

पत्रांक : 299/भूजविख–देवी0(गो0)/अ0भू0यो0(पीजो0)/2026–27, दिनांक : अक्टूबर 31, 2026

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन निविदा

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यों की अल्पकालीन निविदा

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर–प्रदेश की ओर से नीचे दी गई तालिका में निम्नलिखित सेवा हेतु पात्र टेकेदार/संस्था/फर्म से ई–टेण्डरिंग https://etender.up.nic.in के माध्यम से अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (लाख में) (जी0एस0टी0 रहित)	धरोहर धनराशि (रू0)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0) (जी0एस0टी0 सहित)	कार्य पूर्ण करने का समय	ई–टेन्डर जमा करने की अंतिम तिथि व समय	ई–टेन्डर खुलने की तिथि व समय
1	2	3	4	5	6	7	8
06/ABP(Piezo)/GONDA/2026-27	अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जनपद के बहराइच के विभिन्न विकास खण्डों में 05 अदद मध्यम गहरे पीजोमीटर की स्थापना/निर्माण का कार्य।	14.45	28900.00	850.00	20 दिवस	20-11-2026, 10:00	20-11-2026, 11:00
07/ABP(Piezo)/GONDA/2026-27	अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जनपद (गोण्डा में 05 अदद एवं बलरामपुर में 05 अदद) के विभिन्न विकासखण्डों में कुल 10 अदद मध्यम गहरे पीजोमीटर की स्थापना/निर्माण का कार्य।	25.84	51682.00	900.00	40 दिवस	20-11-2026, 10:00	20-11-2026, 11:30
08/ABP(Piezo)/GONDA/2026-27	अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जनपद श्रावस्ती के विभिन्न विकासखण्डों में 06 अदद मध्यम गहरे पीजोमीटर की स्थापना/निर्माण का कार्य।	17.47	34932.00	850.00	24 दिवस	20-11-2026, 10:00	20-11-2026, 12:00

1. निविदादाता को बिड डाक्यूमेन्ट में दिये गये सभी पात्रता का होना अनिवार्य है एवं इच्छुक निविदादाता उपरोक्त कार्य की दर ई–टेण्डरिंग द्वारा प्रस्तुत करेंगे।
2. योग्य इच्छुक निविदादाताओं द्वारा बिड दस्तावेज, दिनांक 12–11–2026 को 10:00 बजे से दिनांक 20–11–2026 को 10:00 बजे तक बेवसाईड https://etender.up.nic.in पर देखा एवं डाउनलोड़ किया जा सकता है। उपरोक्त तालिका के कॉलम सं0–5 में वर्णित निविदा प्रपत्र की फीस को ऑनलाईन ई–टेण्डरिंग पोर्टल etender.up.nic.in के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।
3. विस्तृत बिड दस्तावेज एवं नियम व शर्तें https://etender.up.nic.in बेवसाईड से डाउनलोड़ किया जा सकता है।

उ0प्र0 260418 दि. 05.11.2026
www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

(शिप्रा चौबे)
सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट।

सूचना

मैने अपना नाम HIMANSHU से बदलकर HIMANSHU CHAUDHARY रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-OMPAL SINGH ADD-GOMTI NAGAR EXTENSION DIST-LUCKNOW-226010 (U.P.)

सूचना

मैं, मोहम्मद अफजल पुत्र मोहम्मद एजाज, निवासी मकान संख्या 543k/49, हबीबपुर, पोस्ट–चौक, लखनऊ, उत्तर प्रदेश, का निवासी हूँ। मैंने अपनी बेटी का नाम 'मैरा अफजल' (MAERA AFZAL) से बदलकर 'मायरा अफजल' (MAIRA AFZAL) कर दिया है। इसके बाद से उसे सभी उद्देश्यों के लिए 'मायरा अफजल' के रूप में जाना जाएगा। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RITU SHUKLA था जिसे बदलकर RITA SHUKLA कर लिया है, भविष्य में मुझे RITA SHUKLA नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MUKESH KUMAR SHUKLA ADD-HOUSE/BLDG/APT:3/413, LANDMARK:VIRAM KHAND-3, VILLAGE/TOWN/CITY PO: GOMTINAGAR STATE DIST-LUCKNOW-226010 (U.P.) नोट: पुराना नाम : RITU SHUKLA नया नाम : RITA SHUKLA

अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय–अपर जिला जज
कोर्ट नम्बर–1. गोरखपुर
प्रकीर्ण वाद संख्या–408/2026
सिविल जजेज अपील संख्या–13/2011
अरविन्द कुमार बनाम ओमप्रकाश जायसवाल वगैरह

बनाम–(7) श्रीमती बीना जयासवाल उम्र लगभग 63 वर्ष पत्नी श्री राकेश कुमार जायसवाल निवासी कन्हैया कुटीर मोहल्ला–वजीरगंज, शहर फैजाबाद, जिला–अयोध्या–224001

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के माह 11 के 17 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरुपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

बस्दस्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 31 माह 10 सन् 2026 ई. को जारी किया गया।

ह. मुंसरिम
मोहर न्यायालय

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank — **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली– 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह–कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	प्रतिभा/ TBLUC00007368837	मकान नंबर 545–केए/3/केएन–1158, जो प्लॉट नंबर 13 और 14 (खसरा नंबर 1158 मिन) पर बना है, पारा, वार्ड– आलम नगर में स्थित है, तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश– 226010/ नवंबर 04, 2026	जुलाई 20, 2026 रु. 19,02,759.00/–	लखनऊ

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(यॉं) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : नवंबर 06, 2026
स्थान : लखनऊ

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

पत्रांकः–5053/2काम(बी)–गो0वृ0/26–27 दिनांक : 02.11.2026

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना
(स्वीकृति की प्रत्याशा में)

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से लोक निर्माण विभाग उ0प्र0 में मार्ग हेतु पंजीकृत निविदादाताओ से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है ।

क0 सं0	जनपद/खण्ड/विधान साभ का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (जीएसटी रहित) (लाख में)	धरोहर धनराषि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य समस्त कर सहित (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्ष ऋतु सहित)	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य (विधानसभा–उतरौला)							
1	बलरामपुर/निर्माण खण्ड/उतरौला	गोण्डा उतरौला मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग सं0–18ई) किमी0 34,35(700), 36,37, 38(500), 39(900), 40,41, 42(400), 43,44,45 से 49,50(400) तक का सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। (हॉट मिक्स प्लांट से)	757.15	15.15	11800.00	06 माह	ए

बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाईट–http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.11.2026 से 30.11.2026तक सांय 12.00 बजे तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओ की तकनीकी बिड दिनांक 30.11.2026 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित नियम/शर्ते तथा विवरण बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा जो विवरण ई–टेण्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है, वह लोक निर्माण विभाग की बेवसाईट www.uppwd.gov.in के प्रहरी सॉफ्टवेयर में भी अपलोड करना होगा। निविदा की अन्तिम तिथि दिनांक 30.11.2026 के दोपहर 12.00 बजे तक शुद्धिपत्र यदि कोई हो, तो उसे ई–पोर्टल पर अपलोड कर दिया जायेगा ।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, बलरामपुर

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
गोण्डा वृत्त, लो0नि0वि0, गोण्डा

उ0प्र0 260479 दि. 05.11.2026 www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय जिलाधिकारी, खीरी (आबकारी अनुभाग)

संख्या–1390/चेतावनी/आबकारी/अभियान/2026–27/खीरी/दिनांक–02.11.2026

चेतावनी

जनसाधारण से अपील की जाती है कि अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली होने के साथ–साथ मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता हैं, जो विष हैं, इसके अल्प मात्रा के सेवन से आँखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। केवल वैध लाइसेंस प्राप्त दुकानों से सील बन्द बोतलों में ही शराब खरीदें। यदि किसी को लाइसेंसी शराब दुकान या अवैध अड्डों से अवैध मदिरा की बिकी की सूचना प्राप्त होती है, अथवा किसी लाइसेंसी शराब दुकान से प्रिन्ट रेट से अधिक मूल्य पर मदिरा की बिक्री की जाती है, तो निम्नलिखित मोबाइल नम्बर पर तत्काल सूचित करें:–

जिला आबकारी अधिकारी, खीरी मो0नं0–9454465633, (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–1 लखीमपुर 9454466297), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–2 मोहम्मदी 8765610537), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–3 निघासन 9453090579), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–4 पलिया 8795509976), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–5 गोला 9454465974), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–6 मितौली 8318563230), (आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–7 धौरहरा 9453090579)

(कन्ट्रोल रूम प्रयागराजः– मो0नं0–9454466019, टोलफ्री नं0–14405)

सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा।

(राजवीर सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी,
खीरी

(अंजनी कुमार सिंह)
जिलाधिकारी,
खीरी